संकट

गाडरवारा, सालीचौका साहित अन्य क्षेत्रों में डीजल संकट को लेकर किसानों में बढ़ रहा आक्रोश

बूंद-बूंद डीजल को तरस रहा किसान, आखिर क्यों?

नवभारत/ नरसिंहपुर/ गाडरवारा । क्षेत्रों में इन दिनों किसान डीजल की कमी से जूझ रहे हैं। खेती-किसानी के महत्वपूर्ण समय में मूंग फसल की कटाई, खेतों की जुताई और अन्य कृषि कार्यों के लिए किसानों को डीजल की अत्यधिक आवश्यकता है, लेकिन आरोप है कि क्षेत्र के कई पेट्रोल पंपों पर डीजल उपलब्ध होने के बावजूद किसानों को डीजल नहीं दिया जा रहा है। किसानों का कहना है कि जब वे 10, 20 या 50 लीटर डीजल लेने पेट्रोल पंप पहुंचते हैं तो उन्हें कभी मशीन खराब होने, कभी मशीन लॉक होने तो कभी डीजल खत्म होने का हवाला देकर लौटा दिया जाता है। वहीं दूसरी ओर रात के समय बड़े वाहनों, उद्योगों, कोयला खदानों और फैक्ट्रियों को छोटे टैंकरों एवं बड़ी केनों में सैकड़ों लीटर डीजल दिए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। किसानों का कहना है कि वे दिनभर पेट्रोल पंपों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, जिससे उनके कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। समय पर डीजल नहीं मिलने से खेती-किसानी का काम पिछड़ रहा है और किसानों को आर्थिक नुकसान की चिंता सता रही है। क्षेत्रीय किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि गाडरवारा और अन्य क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों की विशेष जांच कराई जाए। साथ ही डीजल वितरण की व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए ।

फाइल फोटो

नापतौल की जांच

ताकि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार डीजल उपलब्ध हो सके। किसानों ने पेट्रोल पंपों पर नापतौल की जांच कराने और उपभोक्ता सुविधाओं की भी समीक्षा करने की मांग की है। किसानों का यह भी आरोप है कि अधिकांश पेट्रोल पंपों पर न तो पीने के ठंडे पानी की समुचित व्यवस्था है और न ही ग्राहकों के लिए छाया या बैठने की सुविधा उपलब्ध है। ऐसे में ग्रामीणों और किसानों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन किसानों की इस शिकायत को कितनी गंभीरता से लेता है और क्षेत्र के पेट्रोल पंपों की जांच कर किसानों को राहत दिलाने के लिए क्या कदम उठाता है।

मुशरान वार्ड विकास समिति ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

नवभारत/नरसिंहपुर। सांकल रोड मुशरान वार्ड में रोड चौड़ीकरण करण को लेकर चल रहे मामले जिसमें 214 परिवार प्रभावित हो रहे थे में विगत दिवस जिला प्रशासन, लो.नि.वि.एवं वार्ड विकास समिति के बीच हुये समन्वय से रोड निर्माण का रास्ता खुल गया था । प्रशासन के 5 दिन के मौखिक निर्देश के बाबजूद करीब 70 प्रतिशत रहवासियों ने डिवाइडर लाइन से 35 फुट जगह छोड़कर अपने घर तोड़कर एक उदाहरण प्रस्तुत किया था । विगत दिवस मुशरान वार्ड विकास समिति के सदस्यों जिला कलेक्टर, एस.डी.एम.एवं कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि.को ज्ञापन सौंपकर अनुरोध किया कि बरसात की स्थिति को देखते हुये शीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाये अन्यथा बरसात बाद तक का समय दिया जाये । दोंनो ही परिस्थिति में इस बात का ध्यान रखना बेहद आवश्यक है कि रहवासियों को परेशानी का सामना न करना पड़े क्योंकि इस रोड से

अनेक गांव एवं शहरी क्षेत्र की कालोनियां जुड़ी हुयी हैं । उल्लेखनीय है कि राजस्व विभाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित सैकड़ो परिवारों को पूर्व में नोटिस जारी कर दिये थे । वार्ड पार्षद एवं नेता-प्रतिपक्ष नपा इंजी.रूद्रेश तिवारी ने प्रारंभ से ही पीडित परिवारों के साथ अपना पक्ष प्रशासन के समक्ष रखा था ।6 जून को कलेक्टर नरसिंहपुर के निर्देश पर नवागत एस.डी.एम.कलावती ब्यारे ,लो.नि.वि.के अधिकारी एवं वार्ड विकास समिति के प्रतिनिधि मंडल के साथ अंततः यह निर्णय हुआ कि रोड के दोनो तरफ 35 फुट जगह से रोड,नाली एवं फुटपाथ का निर्माण हो जायेगा। प्रशासन द्वारा दिये गये समय पर वार्डवासियों ने अपने घर तोड़ना प्रारंभ कर दिये एवं 70 प्रतिशत तोड़ भी दिये। लो.नि.वि.के कार्य में प्रगति न देख वार्डवासी चिंतित हो गये जिसपर समिति द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया ।

स्टेशन परिसर में गौवंश का जमावड़ा यात्रियों को हो रही परेशानी

नवभारत/ गोटेगांव। श्रीधाम रेलवे स्टेशन परिसर और प्लेटफॉर्म पर गौवंश का जमावड़ा लगा रहता है। जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं, जिससे ट्रेन से आने-जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्लेटफॉर्म पर बैठे गौवंश के कारण यात्रियों को चलने-फिरने में दिक्कत हो रही है। भीड़ के समय छुटपुट घटनाएं भी हो चुकी हैं। यात्रियों का कहना है कि ट्रेन पकड़ते समय गौवंश के बीच से निकलना मुश्किल होता है। किसी दिन बड़ी दुर्घटना घट सकती है। प्लेटफॉर्म पर गौवंश के जमावड़े से परेशान रेल यात्रियों ने स्टेशन के स्थानीय अधिकारियों और कर्मचारियों से इन्हें तुरंत हटवाने की मांग की है। यात्रियों ने कहा कि समय रहते गौवंश को नहीं हटाया गया तो कोई गंभीर हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बाद भी रेलवे प्रशासन और नगर प्रशासन ने इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया।

महिला मंडल मीडिया प्रभारी ने जताया आभार

नवभारत/ गाडरवारा। श्री देव अटल बिहारी मंदिर की महिला मंडल मीडिया प्रभारी ने मंदिर की समस्त सखियों एवं भक्तों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें सेवा का अवसर देने के लिए पंडित जी का विशेष धन्यवाद। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि उन्हें महिला मंडल की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने पंडितानी दीदी के सरल, सहज एवं स्नेहमयी स्वभाव की सराहना करते हुए कहा कि वे सभी को समान भाव से सम्मान देती हैं और हमेशा प्रेमपूर्वक मार्गदर्शन करती हैं। महिला मंडल की सभी सखियों ने भी उनके व्यवहार और नेतृत्व की प्रशंसा की। महिला मंडल की ओर से कहा गया कि वर्षों से चल रहा सत्संग सभी के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, आत्मिक शांति और सफलता का आधार बना हुआ है। सत्संग के माध्यम से सभी सखियां भक्ति, सेवा और आपसी प्रेम के सूत्र में बंधी हुई हैं। उन्होंने रेखा दीदी, सुनीता दीदी, सोनम दीदी, गीता दीदी, किरण दीदी, सुकून दीदी सहित सभी सखियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक सदस्य में कोई न कोई विशेष गुण है, जो सत्संग को और अधिक प्रभावशाली बनाता है। अंत में उन्होंने सभी सखियों और भक्तों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख एवं समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि प्रभु कृपा से यह सत्संग और प्रेमभाव आगे भी इसी प्रकार निरंतर बना रहे।

गाडरवारा, करपगांव-बन्देश्वर मार्ग पर आर्टिगा कार और ट्रैक्टर-ट्रॉली में भीषण भिड़ंत

नवभारत/ गाडरवारा। के करपगांव-बन्देश्वर मार्ग पर बुधवार शाम करीब 7ः30 बजे आर्टिगा कार और ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच भीषण भिड़ंत हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि आर्टिगा कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के दौरान टक्कर इतनी तेज थी कि कार को भारी नुकसान पहुंचा, लेकिन राहत की बात यह रही कि कार चालक को एक खरोंच तक नहीं आई और वह पूरी तरह सुरक्षित बच गया। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। दुर्घटना के बाद क्षेत्र में घटना को लेकर चर्चा का माहौल बना रहा।

25 लाख रुपये की लागत से हाईटेक शौचालय निर्माण कार्य शुरू

नवभारत/ साईखेड़ा। नगर परिषद साईखेड़ा द्वारा नगर में स्वच्छता एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वार्ड क्रमांक-3 स्थित खेड़ापति मंदिर परिसर के बाहर लगभग 25 लाख रुपये की लागत से हाईटेक सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। यह शौचालय आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा, जिससे स्थानीय नागरिकों, श्रद्धालुओं एवं बाहर से आने वाले आगंतुकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सचिन अग्रवाल एवं परिषद के प्रयासों तथा क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश सरकार के मंत्री उदय प्रताप

सिंह के सहयोग से संचालनालय स्तर से नगर के विभिन्न वार्डों के लिए कुल छह सार्वजनिक शौचालय स्वीकृत कराए गए हैं। इन शौचालयों के निर्माण से नगर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। नगर परिषद द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक-2 धूनी दरबार, वार्ड क्रमांक-3 खेड़ापति मंदिर, वार्ड क्रमांक-8 मवेशी बाजार, वार्ड क्रमांक-9 खीरका मोहल्ला, वार्ड क्रमांक-11 ब्लॉक कार्यालय परिसर तथा वार्ड क्रमांक-14 बमोरी क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण प्रस्तावित है। इन सभी स्थानों पर चरणबद्ध तरीके से निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन अग्रवाल ने कहा कि नगरवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना परिषद की प्राथमिकता है। स्वच्छ एवं विकसित साईखेड़ा के संकल्प को साकार करने के लिए।

एक नजर में

आधा दर्जन चोरियों का पुलिस ने किया पर्दाफाश

नवभारत/ गोटेगांव- नरसिंहपुर जिला अंतर्गत विगत दो से तीन माह में 3 धार्मिक स्थानों जैन मंदिर, ग्राम रामनिवारी, हनुमान मंदिर, तेन्दूखेडा एवं जैन मंदिर करकबेल पर चोरी की घटनाएं घटित हुई थी जिनकी पतासाजी हेतु पुलिस टीमें सतत कार्य रही थी। तकनीकी जांच, वैज्ञानिक साक्ष्यों एवं सूक्ष्म विवेचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपियों पहचान कर प्रकरण का सफल खुलासा किया। धार्मिक आस्था से जुड़े इस संवेदनशील प्रकरण एवं पुरानी चोरी की घटनाओं के पेटर्न को देखते हुए पुलिस द्वारा प्रारंभ से ही सभी पहलुओं पर गंभीरता एवं सूक्ष्मता से जांच की गई। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित किए गए तथा घटनास्थल पर उपलब्ध परिस्थितिजन्य साक्ष्यों एवं अन्य तकनीकी जानकारियों का गहन विश्लेषण किया गया। गौरतलब है कि पूर्व में रामनिवारी एवं तेन्दूखेडा में भी धार्मिक स्थानों पर चोरी की घटनाएं होने पर पुलिस अधीक्षक एवं अति. पुलिस तत्काल मौके का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए साथ ही इस प्रकरण की विवेचना के दौरान भी पूर्व में हुई चोरी की घटनाओं के पैटर्न का भी गहन विश्लेषण किया गया। घटनाओं के समयए स्थानए वारदात के तरीके एवं आरोपियों की गतिविधियों का तुलनात्मक अध्ययन कर महत्वपूर्ण सुराग एकत्रित किए गए। विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों मुखबिर तंत्र एवं संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधियों का लगातार विश्लेषण किया। इसी दौरान प्राप्त जानकारी के अनुसार निगरानी बदमाश टिक्कू उर्फ टेकसिंह लडिया की संदिग्ध गतिविधियां सामने आने पर उसकी गहन पतारसी की गई। प्राप्त तथ्यों एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उससे पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया। पूछताछ में सामने आए साथी आरोपियों के नाम विधिवत पूछताछ के दौरान उसने अपने साथियों के साथ मिलकर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होने की जानकारी दी। उसके द्वारा बताए गए साथियों में ज्ञानी पिता गोरेलाल प्रजापति निवासी ग्राम झामर थाना ठेमी, आशीष शर्मा पिता बिहारीलाल शर्मा निवासी गोहचर थाना गोटेगांव नितिन शर्मा पिता कैलाश शर्मा निवासी मुरलीधर वार्ड गोटेगांव चिन्टू उर्फ मुकेश सोनी गोटेगांव द्वारा गिरफ्तार चोरों से चोरी का सामाना खरीदा जाता था जिसे भी गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी की कई वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों ने करकबेल जैन मंदिर, ग्राम रामनिवारी धाना गोटेगांव स्थित जैन मंदिर, तेन्दूखेड़ा स्थित जैन मंदिर,वैलहाई गोटेगांव की एक चाय-नाश्ते की दुकान तथा गोटेगांव सतपुड़ा रोड बापपास के समीप मातवर पटेल के निवास पर चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। गिरफतार आरोपियों से गहनता से पूछताछ पर उनके द्वारा चोरी की गई भगवान की 250 वर्ष पुरानी मूर्तियों के छिपाए गए स्थानों पर रात-दिन सघन सर्च आपरेशन चलाया गया जिसके परिणाम स्वरूप लगभग 250 वर्ष पुरानी भगवान की अस्तधातू की 2 मूर्तिया, चाँदी के करीब 17 छत्र, चाँदी के 2 आसन, चाँदी का एक मुकुट, 4 नग बैट्री, 3 नग इनवेटर, फ्रिज 2 नग, एलईडी टीव्ही 4 नग, 2 डीव्ही आर, पंखे 2 नग, घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साईकिल नगदी 4000 रूपये बरामद किये। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए अज्ञात चोर की शीघ्र गिरफ्तारी एवं चोरी गई संपत्ति की बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी, गोटेगांव मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व में 3 विशेष टीमें गठित की गई थी। उक्त टीम को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए थे।

मजदूरी से लौट रहे आदिवासी युवक से मारपीट

गोटेगांव। थाना गोटेगांव अंतर्गत मजदूरी कर घर लौट रहे आदिवासी युवक के साथ दबंगों द्वारा मारपीट और जातिगत अपमान का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपकर एससी/एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित अमर सिंह, निवासी ग्राम सिलारी, थाना गोटेगांव ने बताया कि 9 जून 2026 को वह अपने साथी विमलेश कोल और चंदन कोल के साथ जबलपुर से मजदूरी कर लौट रहा था। रास्ते में आरोपी देवीसिंह लोधी और अखिलेश लोधी ने उसे रोककर जमीन के कब्जे को लेकर विवाद किया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने मां-बहन की गालियां देते हुए जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया और लाठियों से बेरहमी से पीटा। हमले में अमर सिंह के कंधे और पसली की हड्डी टूट गई। सिर, हाथ व पैर में भी गंभीर चोटें आई हैं। आरोपियों ने धमकी दी कि पुलिस में रिपोर्ट की तो जान से खत्म कर देंगे। पीड़ित अमर सिंह का आरोप है कि जब वह गोटेगांव थाने पहुंचा तो आरोपी पहले से वहां मौजूद थे। पुलिस ने उनके प्रभाव में आकर गंभीर धाराओं के बजाय मामूली धाराओं में मामला दर्ज किया। बार-बार जाति बताने के बावजूद अनुसूचित जाति/जनजाति अधिनियम के तहत केस दर्ज नहीं किया गया। पीड़ित ने आवेदन में उल्लेख किया है कि आरोपी राजनीतिक रूप से प्रभावशाली हैं।

आज होगा मेगा अपार दिवस का आयोजन

नवभारत/ गाडरवारा। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में 1 जून से 30 जून 2026 तक प्रत्येक शनिवार को मेगा अपार दिवस अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य कक्षा 1 से 12वीं तक के उन सभी विद्यार्थियों की अपार आईडी (क्क्क ढ्ढष्ठ) बनाना है, जो अभी तक इससे वंचित हैं। इस संबंध में कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक की संयुक्त बैठक लेकर अभियान को गंभीरता से संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। विकासखंड स्तर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्रोत समन्वयक, संकुल प्राचार्य एवं जनशिक्षकों को प्रत्येक शनिवार के लिए अपार आईडी निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य पूरा नहीं होने पर संबंधित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य जिम्मेदार होंगे। अभियान के तहत प्रत्येक शनिवार को विद्यालयों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें विद्यार्थियों के माता-पिता एवं अभिभावकों को आमंत्रित कर उनकी सहमति प्राप्त करने के बाद मौके पर ही ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से अपार आईडी बनाई जाएगी। शिक्षा विभाग के अनुसार अपार आईडी प्रत्येक विद्यार्थी की आजीवन डिजिटल शैक्षणिक पहचान है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों के सभी शैक्षणिक अभिलेख एक ही स्थान पर सुरक्षित रहेंगे। यह पूर्णतः डिजिटल एवं पेपरलेस रिकॉर्ड प्रणाली है, जो छात्रवृत्ति, प्रवेश प्रक्रिया एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सहायक होगी।

बौछार पंचायत में नाली निर्माण के बाद बंद हुई पानी निकासी, ग्रामीण परेशान

नवभारत/ गोटेगांव। जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बौछार में पंचायत द्वारा बनाई गई नाली के कारण जल निकासी की समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों ने सरपंच-सचिव से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्राम बौछार निवासी रामकुमार राय के मकान के सामने पंचायत द्वारा नाली निर्माण किया गया था। पहले यहां से पानी की निकासी सुचारू रूप से होती थी। लेकिन पंचायत ने पुरानी निकासी को बंद कर सड़क खोदकर छोटा पाइप डाल दिया।

ग्रामीणों का कहना है कि डाले गए पाइप का व्यास बहुत छोटा है, जिससे पानी की निकासी नहीं हो पा रही। बरसात में हालात और बिगड़ने की आशंका है। घरों के सामने पानी भरने से मच्छर पनप रहे हैं और बीमारी का खतरा बढ़ गया है।

एनटीपीसी गाडरवारा के परियोजना प्रमुख हिम्मत सिंह चौहान कार्यकारी निदेशक पद पर पदोन्नत

नवभारत/नरसिंहपुर। एनटीपीसी गाडरवारा के परियोजना प्रमुख हिम्मत सिंह चौहान को कार्यकारी निदेशक (E&ecutive Director) पद पर पदोन्नत किया गया है। चौहान जनवरी 2026 से एनटीपीसी गाडरवारा की 1600 मेगावाट (2म800 मेगावाट) क्षमता वाली सुपर क्रिटिकल ताप विद्युत परियोजना का सफलतापूर्वक नेतृत्व कर रहे हैं। एनटीपीसी के एक अत्यंत सम्मानित एवं अनुभवी अधिकारी के रूप में हिम्मत सिंह चौहान अपने साथ 38 वर्षों से अधिक का समृद्ध और विशिष्ट अनुभव लेकर आए हैं, जो उत्कृष्टता, निष्पक्षता तथा परिणामोन्मुखी नेतृत्व का परिचायक है। उन्होंने वर्ष 1987 में एनटीपीसी में कार्यकारी प्रशिक्षु (E&ecutive

Trainee) के रूप में अपने करियर की शुरुआत की तथा अपने समर्पण, तकनीकी दक्षता और उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के बल पर संगठन में एक विशिष्ट पहचान स्थापित की। श्री चौहान ने बड़े पैमाने की विद्युत परियोजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन में, विशेष रूप से यांत्रिक एवं विद्युत स्थापना (Mechanical & Electrical Erection) के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

मंदिर-मस्जिद तीर्थ दर्शन से कुछ नहीं होगा

नवभारत/ तेंदूखेड़ा भगवान को ढूंढने की जरूरत नहीं है अपने मन रुपी मंदिर में बैठे उस परमात्मा को पहचानलो मंदिर मस्जिद तीर्थ यात्रा पर जाने से कुछ नहीं होगा।घर में बैठे देव स्वरूप माता पिता की सच्चे मन से सेवा कर लो वही तो भगवान हैं। मंदिर बढ़ते चले जा रहे हैं कथायें बढ़ती चली जा रही है भक्ति बढ़ती चली जा रही है लेकिन भक्ति का मूल्य नहीं बढ़ पा रहा है।हम सब कुछ जानते हुए भी अनजान बनें बैठें हैं।आज का आदमी सजाबट बनाबट और दिखाबट में ज्यादा लगा हुआ है। लेकिन इससे कुछ नहीं होगा।जिस व्यक्ति के कर्म श्रेष्ठ होते हैं वह उतना ही ऊंचा ज्यादा है। पानी पृथ्वी आसमान और आदमी की तुलना करते हुए स्पष्ट किया कि सब कुछ

होते हुए भी मन में शांति नहीं है। पानी ने कभी छुआछूत नहीं माना पृथ्वी ने कभी घमंड नहीं बताया आसमान में पिलर नहीं ईश्वर के भरोसे टिका हुआ है। लेकिन आदमी के पास सब कुछ होते हुए भी मन में शांति नहीं आ रही है।इसी कारण से वह दुखी हैं। उक्त अमृत बचन देवरी राजमार्ग में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के माध्यम से पं विपिन विहारी जी महाराज ने तीसरे दिन की कथा में व्यक्त किए।कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रोता पहुंच रहें हैं।

राजस्व में 14 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज

जबलपुर, नवभारत। पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मंडलों में अन्य कोचिंग एवं संड्री यानि विविध आय से प्राप्त राजस्व में निरंतर वृद्धि दर्ज की जा रही है। महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में एवं प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों के निर्देशन तथा तीनों मंडलों के वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में बेहतर परिचालन एवं ग्राहक-केंद्रित सेवाओं के परिणामस्वरूप *पश्चिम मध्य रेल ने मई 2026 में अन्य कोचिंग से 18 करोड़ 17 लाख रूपये एवं संड्री से 26 करोड़ 4 लाख रूपये का ओरिजिनेटिंग राजस्व अर्जित किया। यह उपलब्धि पिछले वर्ष के इसी माह में अन्य कोचिंग से प्राप्त 17 करोड़ 12 लाख रुपये की तुलना में 6.09 प्रतिशत अधिक है।

ऑनलाइन ट्रेडिंग ठगी का आरोपी नरसिंहपुर पुलिस की गिरफ्त में

नवभारत/ नरसिंहपुर। पुलिस ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 10 लाख रुपये की साइबर ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। पुलिस ने महज चार दिनों के भीतर मामले का खुलासा करते हुए पीड़ित की ठगी गई संपूर्ण राशि बरामद कर उसे वापस दिला दी। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गाडरवारा के वल्लम मार्केट निवासी आशीष पटेल ने 4 मई 2026 को थाना गाडरवारा में शिकायत दर्ज कराई थी कि फेसबुक पर प्रदर्शित एक विज्ञापन के माध्यम से उसे ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म क्क्रह्लङ्ग ञ्जऋश्वह्लष्ठ में निवेश कर अधिक लाभ कमाने का लालच दिया गया। विज्ञापन पर

विश्वास कर उसने अलग-अलग किश्तों में कुल 10 लाख रुपये निवेश कर दिए, लेकिन बाद में न तो कोई लाभ प्राप्त हुआ और न ही उसकी राशि वापस मिली। स्वयं के साथ धोखाधड़ी होने का एहसास होने पर उसने पुलिस से शिकायत की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए थाना गाडरवारा में अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी गाडरवारा के मार्गदर्शन में साइबर सेल नरसिंहपुर एवं थाना गाडरवारा की संयुक्त टीम गठित की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों, बैंकिंग लेनदेन और डिजिटल विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान की। इसके बाद कार्रवाई करते हुए नागपुर, महाराष्ट्र से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों में सूरज कुमार शाहू पिता नक्षत्रबलि शाहू निवासी वैशाली नगर, नागपुर तथा परमानंद मिश्रा पिता त्रिवेणी प्रसाद मिश्रा निवासी भारत नगर, नागपुर शामिल हैं। पुलिस ने आरोपी सूरज शाहू के कब्जे से धोखाधड़ी कर प्राप्त की गई पूरी 10 लाख रुपये की राशि बरामद कर जब्त की, जिसे नियमानुसार पीड़ित को वापस दिलाया गया। आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

सार्वजनिक उद्घोषणा रा.मा.क्र. 161 अ-20(1) सन्-2026-27

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 30/06/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अनुसूची

नजूल शीट क्र.	नगरीय क्षेत्र का नाम	प्लाट क्र.	रकबा	विद्यमान अभिलेख में धारक/धारकों के नाम/ पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता	उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता /माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है
06	करेलीगंज	11/2	1061.5 वर्गफुट	श्रीमति आरती गोलछा पत्नि राजेश गोलछा, सा. जयप्रकाश वार्ड, करेलीगंज	श्रीमति आरती गोलछा पनि राजेश गोलछा, सा जयप्रकाश वार्ड, करेलीगंज

इश्तहार आज दिनांक 10/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नरसिंहपुर

न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

सार्वजनिक उद्घोषणा रा.मा.क्र. 202 अ-20(1) सन्-2026-27

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 30/06/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अनुसूची

नजूल शीट क्र.	नगरीय क्षेत्र का नाम	प्लाट क्र.	रकबा	विद्यमान अभिलेख में धारक/धारकों के नाम/ पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता	उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता /माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है
06	करेलीगंज	5/14	1350 वर्गफुट	राजेश गोलछा आ रमेशचंद गोलछा सा. जयप्रकाश वार्ड, करेलीगंज	राजेश गोलछा आ रमेशचंद गोलछा सा. जयप्रकाश वार्ड, करेलीगंज

इश्तहार आज दिनांक 08/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नरसिंहपुर